होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घरों को चिन्हित कर, घरों में लगा रहे हैं स्टीकर

भिलाई नगर/ कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के कांटेक्ट ट्रेसिंग एवं होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घर स्टीकर चस्पा करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से प्राप्त निर्देश के तहत नगर पालिक निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए समस्त जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं! निर्देशानुसार होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना पॉजिटिव वाले व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त कर्मचारी घरों के बाहर दीवारों पर लाल रंग के स्टीकर चस्पा कर होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड- 19 के पॉजिटिव मरीजों की संख्या सहित अन्य जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मानिटरिंग करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। स्टीकर लगाने संबंधी कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं निगम के राजस्व विभाग की टीम प्रशिक्षित हो चुके हैं! लक्षण युक्त मरीज , गंभीर मरीज और बिना लक्षण वाले मरीजों को वर्ग वार अलग कर सूचीबद्ध करते हुए रिपोर्ट तैयार की जा रही है! मरीज के संपर्क में आए हुए हाई रिस्क कांटेक्ट एवं लो रिस्क प्राइमरी कांटेक्ट के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है! 2016 घरों में लग चुके हैं स्टीकर होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के घरों में जोन क्रमांक 1 के 928 घर, जोन क्रमांक 2 के 177 घर, जोन क्रमांक 3 के 244 घर, जोन क्रमांक 4 के 135 घर एवं जोन क्रमांक 5 के 532 घरों में स्टीकर चस्पा किया जा चुका है! जिले में लागू गाइडलाइन के अनुसार कोविड- 19 के मरीजों को होम आइसोलेशन में रहने की सुविधा दी गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत निगम क्षेत्र में कोविड- 19 के पॉजिटिव कई मरीज अपने घरों में रह कर इलाज करा रहे हैं। स्टीकर लगाने संबंधी कार्य के लिए आयुक्त श्री रघुवंशी ने फील्ड में कार्य करने वाले राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय किया है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी निगम क्षेत्र में संचालित फीवर क्लीनिक सेंटर, प्राथमिक चिकित्सालय और जिला चिकित्सालय से कोविड- 19 पॉजिटिव मरीजों की प्रतिदिन की जानकारी जुटाने में लगाई गई हैं। उसी रिपोर्ट के अनुसार ही निगम के कर्मचारी होम आइसोलेशन वाले मकानों का सर्वे करने घरों में पहुंच रहे हैं और घरों में स्टीकर लगाने का कार्य कर रहे हैं।